# पाठ-मूल्यांकन

इस कक्षा के बच्चे छोटे होते हैं। पढ़ने की अपेक्षा खेलना ज़्यादा पसंद करते हैं क्योंकि पिछली कक्षा में वे खुल नहीं पाए थे किंतु इस कक्षा में वे खुल गए हैं। अब उनके साथ ज़्यादा मित्रवत व्यवहार कीजिए। सबसे पहले आप उन्हें इस प्रकार बिठाइए जिससे सब सीख सकें। दो होशियार के बीच में एक जो धीरे सीखता है। यह बात केवल आप जानते हैं, बच्चे नहीं। बच्चे पर कोई स्टिकर न लगाइए। अपनी विधि को मन में रखिए।

- सारी कक्षा के छात्रों को सही मेल से बिठाइए।
- कक्षा में कितने ऐसे छात्र हैं जो धीरे-धीरे सीखते हैं? अगर ज़्यादा हैं तो पढ़ाने की विधि पर ध्यान दीजिए।
- बच्चों के साथ बातचीत करते समय स्पष्ट बोलिए तथा सरल भाषा का प्रयोग कीजिए।
- कक्षा का पहला दिन रोचक ढंग से शुरू करें। स्वर-व्यंजन वर्ण का कैसेट लगाएँ और बच्चों को सुनाएँ फिर उन्हें भी गाने को कहिए। कैसेट लगा रहे और वे गाते रहें।
- दूसरे दिन अपना पहला पाठ खोलिए और बोर्ड पर लिख-लिखकर उन्हें दिखाइए तथा पढ़-पढ़कर सुनाएँ उच्चारण पर ध्यान दीजिए।
- इस कक्षा में हमारा उद्देश्य–मात्रा सिखाना, बच्चों को स्वयं पढ़ना सिखाना है। इसके साथ उच्चारण, शब्द सिखाना तथा शब्द भंडार बढ़ाना है।

| क्र. सं. | पाठ का नाम | उद्देश्य | भाषा विकास | गतिविधियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्णमाला | स्वर-व्यंजन को याद कराना | उच्चारण सही करवाना | मिलकर पढ़वाना, खाली स्थान में दो अक्षरवाले, तीन अक्षरवाले, चार अक्षरवाले शब्द लिखवाना |
| 2. | बारहखड़ी | स्वर की मात्राओं की जानकारी | मात्रा लगाना | अभ्यास करवाना |
| 3. | बारहखड़ी<br>स्वर-मिश्रित व्यंजन | क का ... सिखाना | स्वर मात्रा लगने पर उनका रूप तथा उच्चारण | अभ्यास |
| 4. | 'आ' की मात्रा (ा) | 'आ' की मात्रा व्यंजन वर्ण के साथ जोड़कर सिखाना, 'वाह वानर!' के माध्यम से पढ़ना, प्रश्नोत्तर करना सिखाना, सही उत्तर चुनना, कविता के द्वारा बच्चे में रोचकता पैदा करना जिससे उसे हर तरह से मात्रा का रूप समझ आए। | पढ़ाना, बताना, मात्रा लगवाकर पढ़ाना, व्याकरण का मौखिक ज्ञान भी दिया गया है एकवचन-बहुवचन, स्त्रीलिंग-पुल्लिंग | चित्रों द्वारा अभ्यास करवाना मात्रा लगाकर रचनात्मक गतिविधियाँ, प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष प्रणाली द्वारा जानकारी, रंग भरवाकर पहचान करवाना |
| 5. | इ की मात्रा (ि) | 'इ' की मात्रा का प्रयोग सिखाना, चिड़ियाघर कहानी द्वारा 'इ' मात्रा सिखाना, 'रिमझिम जल बरसा' | पढ़कर जोड़कर लिखना, प्रश्नोत्तर द्वारा सिखाना, भाषा की पकड़–मौखिक, व्याकरण ज्ञान, वचन तथा लिंग | चित्र देखकर वाक्य सही पूरा करना, रंगीन अक्षरों में 'इ' की मात्रा लगाना, चित्रों के पहले में 'इ' की मात्रा जोड़कर नए शब्द बनाना, सही उत्तर चुनना |
| 6. | 'ई' की मात्रा (ी) | 'ई' की मात्रा का प्रयोग 'मीना की शादी' के द्वारा पढ़ना सिखाना, तितली रानी | उच्चारण का स्वरूप, भाषा की पकड़, रोचकता से व्याकरण का मौखिक ज्ञान, लिंग-वचन | रचनात्मक बिंदुओं को जोड़कर चित्र पूरा करना, रंग-बिरंगे कागज़ों को फाड़कर चिपकाना |
| 7. | 'उ' की मात्रा ( ु) | 'उ' की मात्रा का प्रयोग, बुलबुल तथा चुहिया रानी कविता द्वारा | पढ़ना समझना | अभ्यास, चित्र देखकर सही रूप, नए शब्द बनाना, 'उ' की मात्रावाले चित्रों में रंग भरना |
| 8. | 'ऊ' की मात्रा ( ू) | 'ऊ' की मात्रा का प्रयोग, फूलदान चूहा बन गया, भालू आया | पढ़ना, समझना, करना, प्रश्नोत्तरी, मौखिक, लिंग-वचन का ज्ञान | अभ्यास, सही मिलान, दो अक्षर, तीन अक्षर, चार अक्षर में मात्रा लगाना, रचनात्मक गतिविधि द्वारा ज्ञान |

| क्र. सं. | पाठ का नाम | उद्देश्य | भाषा विकास | गतिविधियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 9. | 'ए' की मात्रा (े) | 'ए' की मात्रा का प्रयोग, मेला कहानी तथा रेलगाड़ी कविता द्वारा भाषा की पकड़ | पढ़ना-लिखना, बोलना, प्रश्नोत्तरी द्वारा मौखिक लिंग-वचन द्वारा भाषा की पकड़ | कई प्रकार के अभ्यास, दो अक्षरवाले, तीन अक्षरवाले, चार अक्षरवाले शब्दों में मात्रा लगानी, 'ए' मात्रा वाले चित्र चुनकर रंग भरना |
| 10. | 'ऐ' की मात्रा (ै) | 'ऐ' की मात्रा का प्रयोग, नटखट नैना कहानी और बैल कविता द्वारा पढ़ने और मात्रा का प्रयोग सिखाना | सही उच्चारण पर विशेष ध्यान | कई प्रकार के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रणाली के अभ्यास, सही शब्द चुनना-भरना, सही मात्रा लगाना, रचनात्मक गतिविधि |
| 11. | 'ओ' की मात्रा (ो) | 'ओ' की मात्रा का प्रयोग, राजा का तोता, मोर द्वारा मात्रा की जानकारी | सही उच्चारण | वर्ग-पहेली, अभ्यास, प्रत्यक्ष प्रणाली से मात्रा लगाना, चित्र देखकर वस्तुओं के नाम लिखना |
| 12. | 'औ' की मात्रा (ौ) | 'औ' की मात्रा का प्रयोग, चौधरी का घर तथा गौरव और सौरभ | सुनना-बोलना-पढ़ना लिखना, उच्चारण पर बल | कई प्रकार के अभ्यास, रचनात्मक गतिविधि, सही शब्द चुनकर लिखना |
| 13. | 'ऋ' की मात्रा (ृ) | 'ऋ' की मात्रा का प्रयोग, ऋचा का बगीचा | सही उच्चारण पर बल | अभ्यास |
| 14. | 'अं' की मात्रा (ं) | 'अं' की मात्रा का प्रयोग उमंग-तरंग कथा तथा चंदू की पतंग कविता के माध्यम से | उच्चारण, र का प्रयोग, उच्चारण तथा भाषा ज्ञान | अभ्यास, कई अभ्यास |
| 15. | चंद्रबिंदु (ँ) | चँद्रबिंदु का प्रयोग | उच्चारण, मौखिक ज्ञान, वचन, लिंग | कई प्रकार के अभ्यास, खाली स्थान भरना |
| 16. | विसर्ग (:) | विसर्ग का प्रयोग | उच्चारण | मात्रा लगाना, चित्र बनाना, लेखन अभ्यास |
| 17. | संयुक्त व्यंजन<br>संयुक्ताक्षर | संयुक्त व्यंजन का प्रयोग<br>संयुक्ताक्षरों का प्रयोग | उच्चारण<br>उच्चारण | अभ्यास<br>अभ्यास-रोचक अभ्यास |
| 18. | चूहा, गिलहरी और शेर | अपने आप समझें | सही पढ़ें, प्रश्नोत्तरी | कहानी |
| 19. | यह, वह, इस, उस का प्रयोग | वाक्य बोलना, पढ़ना-लिखना | पढ़ना-लिखना | अभ्यास |
| 20. | लिंग | पुल्लिंग-स्त्रीलिंग वाक्य | प्रयोग | अभ्यास, लिंग-वचन |
| 21. | वचन | एकवचन-बहुवचन सिखाना | पढ़ना-बोलना | अभ्यास |
| 22. | मैं/हम का प्रयोग | प्रयोग सिखाना | वाक्य बोलना | अभ्यास |
| 23. | वाक्य लेखन-घोड़ा, गाय, अंगूर, चाचा नेहरू | लेखन | लेखन कला, प्रश्नोत्तरी कला | अभ्यास |